WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 72 मेरठ, शुक्रवार 24 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......

दैनिक मेरठ दर्पण हिंदी समाचार पत्र में अपने प्रतिष्ठान का करे प्रचार प्रसार



नवरात्रि, दशहरा, दीपावली का शुभकामना संदेश मात्र 2100 रूपये में

केवल नवरात्रि के लिए पूरे 9 दिन मात्र: 1100 रूपये में

संपर्क सूत्र:- 9897419837

## टैंकर और पिकअप की जोरदार भिड़त,दो की मौत तीन घायल



**मयंक अग्रवाल**

**किठौर।** परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के किठौर मार्ग पर गांव बड़ागांव के निकट पशुओं से लदी पिकअप गाड़ी और शीरे से भरे टैंकर की जोरदार भिड़त हो गई।जिसमे दो लोगो की मौत हो गई।जबकि तीन लोग घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को उपचार को भेजा। उधर पुलिस ने मृतक के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।वही समाचार लिखे जाने तक मामले की तहरीर नही आई। जानकारी के मुताबिक फलावदा थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीना निवासी पशु व्यापारी महावीर पुत्र प्रेमचंद अपने दो पुत्रों महेश व रितेश के साथ गांव सनोता निवासी पंचा की पिकअप से अठसैनी पशु पैंठ से दो भैस लेकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान किला-किठौर मार्ग पर बड़ागांव के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार शीरे से भरे टैंकर ने पिकअप में टक्कर मार दी।जिसमे पांच लोग समेत दो पशु भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को उपचार को भेजा।जहा दो घायल गढ़ीना निवासी महावीर पुत्र खेमचंद तथा सनोता निवासी नसीम उर्फ पंचा पुत्र जाकिर ने दम तोड़ दिया।जिसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया।वही घटना के बाद टैंकर चालक टैंकर छोड़ मौके से फरार हो गयाइस मामले में एसआई मोहसिन अहमद ने बताया कि हादसे में दो लोगो की मौत हुई है।अभी तहरीर नही आई है।तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कन्या सुमंगला योजना के नाम पर धोखाधड़ी, बैंक खाते से उड़ाए 39 हजार रुपये

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सरकार द्वारा चलाई गई कन्या सुमंगला योजना का अगर आप लाभ लेना चाहते हैं तो पहले सावधान हो जाएं, क्योंकि आपके साथ भी कन्या सुमंगला योजना के तहत धोखाधड़ी की जा सकती है। योजना के नाम पर हुई ध ोखाधड़ी का एक ऐसा ही मामला मेरठ जिले के किठौर थाना क्षेत्र माछरा गांव से सामने आया है। जहां पीड़ित के बैंक खाते से 39 हजार रुपये उड़ा दिये। धोखाधड़ी का शिकार हुए माछरा नंगली अब्दुल्ला गाँव के निवासी अभिषेक ने बताया कि उनके पास एक नंबर से कॉल आती है जो कहते हैं कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू त्यागी ने आपका नंबर दिया है। आपके घर एक नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है। कन्या सुमंगला योजना के तहत बैंक अकाउंट की डिटेल की जानकारी देने को कहा। इसके बाद अभिषेक अपने ही गांव के कार्यकर्ता मंजू त्यागी से फोन पर बात करते हैं। अभिषेक ने मंजू से कहा कि मेरे पर किसी व्यक्ति की कॉल आई है और मुझे लग रहा है कि जिस तरीके से वो मेरे बैंक की डिटेल मांग रहा है ऐसे तो मेरे साथ धोखाधड़ी हो सकती है। इस पर मंजू त्यागी कहती है कि नहीं यह हमारे बड़े अधिकारी डॉक्टर हैं आप इन्हें डिटेल दे दीजिए। मंजू त्यागी की बात पर विश्वास करके मैंने अपनी बैंक के अकाउंट की सारी डिटेल डॉक्टर को दे दी। करीब 10 मिनट बाद ही मेरे अकाउंट से 39,108 रुपये की राशि कटने के मैसेज आने पर मेरे पैरों तले की जमीन निकल गयी। पीड़ित ने बताया कि मंजू त्यागी के कहने पर ही मैने अपने बैंक खाते की जानकारी उनके कथित डॉक्टर को शेयर की है। पीड़ित ने मंजू त्यागी और कथित डॉक्टर पर शख्त करवाई करते हुए रकम वापस दिलाने की मांग की है। अभिषेक ने बताया कि साइबर सेल में मुकदमा दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है।



## महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं को दी गयी समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मिशन शक्ति 3.0 अभियान के अर्न्तगत माह अगस्त से दिसम्बर 2021 की कार्ययोजना के अनुसार विकास खण्ड सरूरपुर के मैनपुट्ठी में महिला कल्याण विभाग द्वारा स्वावलंबन कैम्प का आयोजन किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अजित कुमार जी के निर्देशानुसार महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती माधुरी शर्मा द्वारा उपस्थित महिलाओंध्बलिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पश्नस्रशिप, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई एवं बाल सम्मान कोष, बाल विवाह रोकथाम आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही बताया गया की वर्तमान में बेटियों को आगे बढ़ने के लिए किसी की मदद की नहीं बल्कि एक मौके की आवश्यकता है अत: उपस्थित माता पिता से ये अनुरोध किया गया की बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित करें एवं प्रयास करें तथा इस से संबंधित किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन हेतु महिला शक्ति केंद्र कचहरी पर श्री जितेंद्र कुमार परामर्शदाता स्वास्थ्य केन्द्र में हो रहे कोरोना टीकाकरण के बारे में भी जानकारी देते हुए समय से टीकाकरण लगवाने के लिये कहा गया है, साथ ही सभी बालिकाओंध्महिलाओं को संकट के समय हेल्पलाइन नम्बरों 1090, 181, 112,1076, 108 की मदद लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में श्री जितेंद्र कुमार परामर्शदाता बाल संरक्षण इकाई समस्त विभागीय योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

## मतदान प्रतिशत में गिरावट लोकतंत्र के लिए खतरा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय मतदाता संघ के मुख्य कार्यालय पर आज राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी की अध्यक्षता में भारत के लोकतंत्र प्रणाली और मतदान प्रतिशत में गिरावट विषय पर एक वर्चुअल परिचर्चा उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव एवं आचार संहिता लगने से पहले आयोजित की गई इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विचार रखते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है लोकतांत्रिक व्यवस्था में देश और प्रदेश के युवाओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए और भारतीय मतदाता संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आगे आना चाहिए क्योंकि लोकतंत्र की जीवंतता तभी बचेगी जब देश और प्रदेश का हर एक मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें देश और प्रदेश के मतदाताओं को अपना रुझान खुलकर मतदान के माध्यम से करना चाहिए क्योंकि इसी में लोकतंत्र के सार्थकता निहित है उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत में गिरावट लोकतंत्र के लिए खतरनाक साबित हो सकती है कार्यक्रम में परिचर्चा करते हुए राष्ट्रीय महासचिव वैध सुरेश कुमार ने विचार रखते हुए कहा कि मतदान भारतीय मतदाताओं का और देश.के सभी नागरिकों का संवैधानिक एवं मौलिक अधिकार है प्रदेश अध्यक्ष उद्प्रद्र युवा मोर्चा दीपक मलिक ने विचार रखते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले भारत सरकार को मतदान की अनिवार्यता को लेकर कानून बनाया जाना चाहिए इसके लिए लोकसभा एवं सभी राज्यों की विधानसभा में विधेयक लाकर कानून बनाना चाहिए किसी भी चुनाव में मतदान के प्रतिशत में गिरावट आना जनतंत्र के लिए कतई उचित नहीं है प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली राहुल शर्मा ने विचार रखते हुये कहा भारतीय लोकतंत्र में दिन-प्रतिदिन मतदान प्रतिशत में गिरावट आना चिंताजनक है महासचिव आजाद मलिक ने विचार रखते हुए कहा यह हमारे देश का दुर्भाग्य है कि लोग चुनाव के समय अपने अमूल्य वोट डालने के लिए घरों से नहीं निकलते हैं इसलिए मतदान पर शत् प्रतिशत विधेयक के लिये लोकसभा में कानून बनाना चाहिए अन्य वक्ताओं ने विचार रखते हुए कहा आज से और अभी से भारतीय मतदाता संघ के सभी पदाधिकारी यह शपथ लेते हैं कि भारत के हर राज्य में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाएंगे मतदान प्रतिशत में हुई गिरावट को बढ़ाने का प्रयास करेंगे और लोकतंत्र प्रणाली को मजबूत करेंगे क्योंकि आज भारत के 19 राज्यों में भारतीय मतदाता संघ के 500000 से अधि क सदस्यों का कुनबा तैयार हो चुका है जो हमारी आने वाली हमारी पीढ़ी को मतदान के प्रति जागरूक करती रहेगी और वोटरों में वोट डालने के प्रति रुचि बढ़ाने एवं निष्पक्ष ईमानदार,साफ छवि के जन प्रतिनिधि चुनने के लिए भारत के हर राज्य मे होने वाले विध ानसभा से पहले मिशन चलाएगें।



## सेना के लिए 118 अर्जुन एके-1ए टैंक खरीने का आर्डर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय थल सेना के लिए सरकारी क्षेत्र के उपक्रम हैवी वेहिकल्स फैक्ट्री एचवीएफ से नयी क्षमताओं से लैस 118 मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन एके-1ए खरीदेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह सौदा 7,523 करोड़ रुपये का है। ये टैंक रक्षा मंत्रालय के प्रतिष्ठान-रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ ने विकसित किए हैं। इनमें इसके पिछले संस्करण एमके-1 की तुलना में 72 नयी विशेषताएं हैं और यह पहले से अधिक स्वदेशी है। मंत्रालय ने कहा है कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों की दिशा में बड़ा कदम है। गौरतलब है कि मोदी ने पहला एमके-1ए टैंक 14 फरवरी 2021 को थल सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवने को चेन्नई में सौंपा था।

## गाजे-बाजे के साथ निकाली गई चंद्र प्रभु भगवान की रथयात्रा

**विपुल जैन बागपत।** दिगम्बर जैन समाज समिति बडौत के द्वारा श्री 1008 चन्द्र प्रभु भगवान की भव्य स्वर्ण रथ यात्रा बड़े जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस मौके पर डीएम बागपत डश्व राजकमल यादव मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। दिगम्बर जैन समाज समिति के पदाधिकारीयो ने उनका पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। रथयात्रा में सबसे आगे जैन समाज के लोग जैन धर्म का पताका लेकर चल रहे थे। उसके पीछे बैंड-बाजो द्वारा धार्मिक धुन बजायी जा रही थी ओर सबसे पीछे बहुत ही प्राचीन स्वर्ण रथ जो अखरोट की लकडी से बना हुआ है, उसमे श्री चंद्रप्रभु भगवान की प्रतिमा विराजमान थी। जैन समाज के लोग अपने अपने घरो ओर प्रतिष्ठानो के आगे श्री जी की पूजा अर्चना ओर आरती कर रहे थे। उसके बाद दिगम्बर जैन कालिज के महावीर हाल मे मंत्रोच्चार के साथ श्री जी का अभिषेक किया गया। यात्रा मे जैन समाज के प्रधान प्रवीण जैन टीकरी वाले,मन्त्री अतुल जैन सर्राफ, मनोज कुमार जैन मसाले वाले, पुनीत जैन, नवीन जैन सर्राफ, आलोक जैन मित्तल, सुनील कुमार जैन तेल वाले , धरणेन्द्र जैन कढाव वाले, वीर बहादुर जैन, पकंज जैन बन्टी, मुकेश कुमार, पकंज जैन बोबी भाई, आलोक जैन सर्राफ, सतीश जैन सर्राफ, विवेक जैन लुधियाना हौजरी,अतुल कुमार जैन कोयले वाले, राकेश जैन सभासद मनोज कुमार जैन किराना मर्चेंट, अमन गर्ग आदि थे।



# राज्यमंत्री ने किया निशानेबाजों का स्वागत





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने आज कंकर खेड़ा में वास शूटिंग क्लब पर प्री स्टेट प्रतियोगिता क्वालीफाई हुये निशानेबाजों का स्वागत कर स्टेट प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। कंकर खेड़ा के निशानेबाज अनिकेत गर्ग,ध्रुव पुंडीर,केशव खन्ना,सुभान मलिक,मनीष मल्होत्रा का राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता ने निशानेबाजों को माला पहनाकर स्वागत किया। 26 सितम्बर से लखनऊ में होगी उत्तर प्रदेश निशानेबाजी प्रतियोगिता। कैप्टन विकास गुप्ता ने भी लगाया निशाना। इस दौरान शूटिंग कोच अंकित गुप्ता,रेंज के निर्देशक विवेक शर्मा,देवेंद्र गोयल,शशांक गुप्ता,राज केशरी,संजीव जिंदल,गुल्लू ठाकुर,सरला शर्मा,नरेंद्र गुप्ता,विनोद सिंघल,वैभव बंसल,विनय विरालिया, अमित शर्मा,विशाल गर्ग,प्रथम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।











कंकर खेड़ा गुरुनानक बाजार स्थित व्यापारी अमित गोयल के आवास पर राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता का स्वागत किया गया।अमित गोयल ने कैप्टन विकास गुप्ता को सम्मान प्रतीक रूप में भगवान गणेश जी की मूर्ति भी भेंट की। इस दौरान देवेंद्र गोयल,नरेंद गर्ग,गुल्लू ठाकुर,वंशु गोयल,कुलदीप सिंघल आदि मौजूद रहे।



कंकर खेड़ा स्थित दैनिक मेरठ दर्पण के संपादक अंकित गुप्ता के आवास पर राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। अंकित गुप्ता के आवास पर कैप्टन विकास गुप्ता ने उपस्थित गणमान्य लोगों के साथ भोजन किया। इस दौरान संजीव जिंदल,विनोद सिंघल,प्रथम अग्रवाल,सरला शर्मा,वैभव बंसल,मुकेश बंसल,अनुल गोयल,विशाल गर्ग आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने किया महर्षि वाल्मीकि जी की मूर्ति पर माल्यार्पण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** वाल्मीकि मन्दिर में राज्यमंत्री ने किया महर्षि वाल्मीकि जी की मूर्ति पर माल्यार्पण। उसके बाद ज्योति वाल्मीकि मंत्री भाजपा मेरठ महानगर के आवास पर राज्यमंत्री का किया गया भव्य स्वागत। इस दौरान विनीश विद्यार्थी, शिवकुमार नाज,गीता शर्मा महानगर अध्यक्ष,विनय विरालिया,राजीव गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा,अर्जुन करोतिया,प्रेमलता,बबिता चौहान आदि मौजूद रहे

## शहीद मेजर के नाम से किसी टाउन की सड़क नहीं बल्कि सिटी या हाईवे की सड़क का नाम होना चाहिए




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता गुरुवार को शहीद मेजर मयंक विश्नोई के घर शिवलोक पुरी कंकरखेड़ा पहुंचे। उन्होंने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद की पत्नी स्वाति ने अध्यक्ष से कहा की शहीद मेजर के नाम से किसी टाउन की सड़क नहीं बल्कि सिटी या हाईवे की सड़क का नाम होना चाहिए। इस पर अध्यक्ष ने कहा की इस बारे में सरकार से वार्ता करेंगे। परिषद के अध्यक्ष कैप्शन विकास गुप्ता ने शहीद को नमन करते हुए उनके पिता रिटायर्ड सूबेदार वीरेंद्र विश्नोई, पत्नी स्वाति विश्नोई और माता को सांत्वना देते हुए कहा कि किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो उन्हें बताएं। एक सड़क का नाम शहीद मेजर के नाम से रखा जाएगा। उक्त सड़क कंकरखेड़ा में होगी या शहर में अथवा जिस मूल गांव का विश्नोई परिवार है, वहां की होगी। इसके बारे में निर्णय शहीद के सवजन को करना है। जहां पर सड़क होगी, वहीं पर शहीद की प्रतिमा होगी। शहीद की पत्नी स्वाति ने अध्यक्ष से कहा की शहीद मेजर के नाम से किसी टाउन की सड़क नहीं, सिटी या हाईवे की सड़क का नाम होना चाहिए। इस अध्यक्ष ने कहा की इस बारे में सरकार से वार्ता करेंगे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने आयुष्मान भारत दिवस' की तृतीय वर्षगांठ कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 3 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में वृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मखियाली परह' आयुष्मान भारत दिवस 'ह्नतृतीय वर्षगांठ का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने किया। तथा सीएमओ व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा योजना के अतर्गत गोल्डन कार्ड बनवा चुके 10 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का प्रोटो टाइप देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि पात्र लोग अधिक से अधिक योजना से जुड़कर लाभ लें और आस-पास के गाँवों व वार्डो से लक्षित लाभार्थियों को आमंत्रित कर योजना के बारे में बताए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 3 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में तृतीय वर्षगांठ का आयोजन किया गया है। जिसमें योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनवा चुके 10 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का प्रोटो टाइप देकर सम्मानित किया गया तथा योजना के अंतर्गत सर्वाधिक मरीजों का इलाज करने वाले अस्पतालों को प्रशस्ति पत्र देकरह्न सम्मानित किया गया। डीपीएम डॉ. आकाश त्यागी ने बताया कि आज सम्मानित होने वाले 10 लाभार्थियों में सौरभ पांचाल,ह्नमौ असकरी,ह्ननुरसत रियाज,ह्नप्रेम दत्त,ह्नरचना,ह्नप्रमोद,ह्नरामवती,ह्नअनीस,ह्नशेखर,ह्नकृष्णचंद्र आदि लोग शामिल है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत दिवस पर योजना के तीन साल के सफर और आगामी रणनीतियों पर जनपद के प्रशासनिक अधिकारी,ह्नयोजना के नोडल अधिकारी व अन्य स्टेक होल्डर्स परिचर्चा के माध्यम से मंथन किया गया। योजना के प्रति जागरूकता लाने के उपायों पर चर्चा की गई और अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना से जोड़ने पर भी विचार भी किया गया। इसके अलावा इस दिवस पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर रहा।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महक सिंह ,प्रतिरक्षण अधिकारी कुलदीप शर्मा, भाजपा जिला मंत्री वैभव त्यागी आकाश त्यागी,ह्नसन्नी चौधरी,ह्नशोएब जैदी आदि लोग उपस्थि रहे।

# एमजी पब्लिक स्कूल में कबीर दास पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा मुजफ्फरनगर।** एमजी पब्लिक स्कूल में महान संत कबीर दास के जीवन और संघर्ष पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए संत कबरी दास के जीवन प्रसंगों को सुन्दर शब्दों के माध्यम से प्रस्तुत किया। एम.जी. पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद् शाखा संकल्प के द्वारा मनाये जा रहे संस् ति सप्ताह के अन्तर्गत बच्चों को देश के महान संतों, उनके जीवन और संघर्ष से जोड़ने के उद्देश्य से आज संत कबीर दास के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् की ओर से आये अतिथियों रामकुमार तायल, लोकेश चंद्र, अश्वनी वर्मा, राजीव गुप्ता और मनोज महेश्वरी आदि का स्कूल प्रांगण में प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग ने स्वागत किया। आज एम जी पब्लिक स्कूल में प्रातः 9 बजे देश के महान संतों को याद करते हुए संकल्प परिवार ने संत कबीर दास पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय के कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् से लोकेश चंद्र, कुलदीप गुप्ता एवं अश्वनी वर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता में चयनित 40 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और संत कबीर दास के जीवन प्रसंगों पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट निबंध लेखन पर छात्र अनमोल त्यागी को प्रथम, किजनल मान को द्वितीय और छात्रा सानिया को तृतीय स्थान पर चुना गया। इसके अलावा छात्रा वंशिका चौधरी और प्रियांशी अरोरा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। कार्यक्रम के चेयरमैन राजीव गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्राओं को भारत विकास परिषद् शाखा संकल्प द्वारा शीघ्र ही कार्यक्रम आयोजित कर पुरस्कार प्रदान करते हुए सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग के लिए स्कूल प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग और अन्य स्टाफ का आभार जताया। कार्यक्रम में विद्यालय की हिन्दी विभाग की शिक्षिका प्रमिला पुण्डीर एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

# कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष नितीश भारद्वाज ने कहा छात्रों का शोषण नहीं बर्दाश्त होगा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** नएएस कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रत्याशी नितीश भारद्वाज के नेतृत्व में कॉलेज स्थित पंडित नानक चंद की मूर्ति के समक्ष एकत्रित हुए सभी छात्र अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्राचार्य कक्ष की ओर बढ़े एवं प्राचार्य एसके शर्मा का घेराव किया इस दौरान भारी संख्या में छात्र मौजूद रहे इसी कड़ी में छात्रों ने अपनी मुख्य समस्याओं को प्राचार्य से बताया जिनमें मुख्य रुप से कोरोना के चलते समाज की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिस वजह से बहुत सारे छात्र छात्राएं अपनी बीकॉम की फीस भरने में असमर्थ हैं क्योंकि एन एस कॉलेज में बीकॉम सेल्फ फाइनेंस है इसीलिए कोई भी छात्र शिक्षा से वंचित ना रहे उसके लिए कॉलेज प्रशासन को गरीब व आर्थिक शोषित छात्र-छात्राओं की फीस माफ की जाए कॉलेज में स्वास्थ्य एवं खेल व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए



कॉलेज में दोनों तरीके से ऑफलाइन और ऑनलाइन फीस जमा करने का तरीका निकाला जाए वही संवाददाता से बात करते हुए छात्र नेता नितीश भारद्वाज ने कहा कि कॉलेज प्रशासन यदि इन मांगों को जल्द ही पूर्ण नहीं करता है तो छात्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और कॉलेज में तालाबंदी कर धरने पर बैठेंगे ओर वही अक्षय बेनीवाल छात्र एन ए एस कॉलेज ने कहा कि कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं ढीली पड़ी हुई है लाइब्रेरी में किताबों की कमी है एवं कॉलेज प्रशासन उनकी मांगों को नहीं सुनता है इसलिए उन्हें मजबूरी में विरोध प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा मोके पर रहे नितीश भारद्वाज,अक्षय बेनीवाल,हिमांशु नवल,विशाल वर्मा,जतिन सिंह, करार हुसैन,माइकल फ्रैंकलीन, ऋषभ पाराशर हिमांशु मऊखास,;षभ शर्मा, अक्षय यादव,लव वाल्मीकि, सुमित गोस्वामी,बंटी पंडित आदि छात्र उपस्थित रहे

# कर्मचारी संगठनो ने किया नवागत सचिव को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ विकास प्राधिकरण के नवागत सचिव श्री चंद्रपाल तिवारी ने गत बुधवार 22 सितंबर को झांसी से मेरठ पहुंच कर कार्यभार संभाला। श्री तिवारी इससे पूर्व झांसी में मंडी समिति के उप निदेशक पद पर तैनात थे। 2009 बैच के पीसीएस अधिकारी श्री तिवारी झांसी में ही सिटी मजिस्ट्रेट तथा महोबा में एडीएम भी रह चुके हैं । गुरुवार को उत्तर प्रदेश कर्मचारी संयुक्त संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष व मेरठ विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन के पूर्व अध्यक्ष श्री यशवीर सिंह तथा कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष श्री ;षि पाल सिंह , महामंत्री श्री संतराम वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव रंजन कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुधीर शर्मा कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र ने सचिव श्री तिवारी को उनके कार्यालय में गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया । सरल स्वभाव तथा मृदुभाषी श्री तिवारी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सरकार की नीतियों के अनुरूप विकास कार्य को जारी रखते हुए कर्मचारियों का सहयोग भी अपेक्षित रहेगा। गौरतलब रहे कि मेरठ विकास प्राधिकरण की सचिव प्रवीण अग्रवाल को शासन ने अपर आयुक्त मेरठ मंडल के पद पर तैनात किया है।



सीएमओ कार्यालय में सांसद राजेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में सीएमओ अखिलेश मोहन ,एसीएमओ पूजा, सी डी ओ ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत लोकप्रिय अस्पताल को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रथम स्थान पर पुरस्कृत किया। लोकप्रिय की तरफ से प्रशस्ति पत्र लेने के लिए चीफ एडमिन अश्वफिसर परमजीत रावत, आयुष्मान के इंचार्ज अमित अग्रवाल व मार्केटिंग मैनेजर ऋषभ अग्रवाल रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला में हुआ जनजागरूकता शिविर का आयोजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ एवं मानसिक रोग विभाग द्वारा दिनांक 20 सितम्बर से 26 सितम्बर 2021 को विश्व अल्जाइमर दिवस एवं राष्ट्रीय डिमेन्शिया जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे विश्व में अल्जाइमर्स, डिमेन्शिया एवं अन्य प्रकाश के डिमेन्शिया के प्रति जनजागरूकता पैदा करना है। उन्होने बताया कि जनपद के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमो यथा स्कूल कार्यक्रम, अर्बन स्लम क्षेत्र शिविर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संगोष्ठी, जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला में एक विशाल जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नोडल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डा0 पूजा शर्मा द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि आयोजित शिविर में आने वाले समस्त जनमानस को डा0 पूजा शर्मा ने शिविर में उपस्थित सभी मरीजो से बात करते हुये वृद्धावस्था में होने वाले मानसिक रोग अल्जाइमर्स के लक्षण व उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही मनोरोग विशेषज्ञ डा0 कमलेन्द्र किशोर ने बताया कि इस बीमारी में याददाश्त व सोचने की क्षमता कमजोर पड जाती है। सामान्य भाषा में इसे भूलने की बीमारी कहा जाता है और समय के साथ-साथ यह बीमारी बढ़ती जाती है व रोगी को अपने रोजमर्रा की आवश्यकताओ व कार्यो को करने में असुविधा होने लगती है। इसके उपचार हेतु विशेषज्ञो ने बताया कि हमें बुजुर्गो की देखभाल के साथ-साथ उनका सम्मान भी करना चाहिए और उनकी जरूरतो व दिक्कतो को समझ कर उनसे बात कर सहयोग करना चाहिए साथ ही समय रहते अगर इस बीमारी की पहचान व इलाज हो जाए तो रोगी के जीवन की गुणवत्ता में बढोत्तरी की जा सकती है। उन्होने बताया कि प्रत्येक सप्ताह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला पर मन चेतना दिवस का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। जिसमें आने वाले मरीजो को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्त जानकारी निःशुल्क प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला के चिकित्सा अधीक्षक डा0 विपुल, डा0 अमित कुमार व अन्य स्टाफ और एनसीडी प्रकोष्ठ से वर्षा देवी सुदेश पाल व मोहित भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल के नेतृत्व में दाल मंडी के सैकड़ों व्यापारियों द्वारा ली गई व्यापार संगठन की सदस्यता



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के प्रदेश उपाध्यक्ष ष्ण गोपाल मित्तल व नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी के समक्ष दाल मंडी अध्यक्ष श्रवण मित्तल व महामंत्री विनोद कुमार के नेतृत्व में दाल मंडी के सैकड़ों व्यापारियों द्वारा उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन की सदस्यता ग्रहण की, प्रदेश उपाध्यक्ष ष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि श्रवण मित्तल ने सदैव भ्रष्टाचार के विरोध में लड़ाई लड़ी है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मा0 नरेश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश के व्यापारी माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी व मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आहवान पर भृष्टाचार की लड़ाई में सरकार के साथ है,नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भ्रष्टाचारी व्यक्ति चारों ओर भृष्टाचारियो का घेरा बनाकर भ्रष्टाचार करता है वह भूल जाता है की ईश्वर भ्रष्टाचारी व्यक्ति को स्वयं सजा देते हैं,दाल मंडी अध्यक्ष श्रवण मित्तल ने कहा कि उन्होंने जीवन भर व्यापारियों की सेवा की है तथा भविष्य में भी किसी कीमत पर दाल मंडी व्यापारियों का उत्पीड़न नही होने देंगे,महामंत्री विनोद बंसल ने कहा कि दाल मंडी के व्यापारियों की एकजुटता ही उनकी शक्ति है इस अवसर पर श्रवण मित्तल, विनोद बंसल,अशोक पालीवाल, दीवान चंद, महेश कुमार,संजय कुमार, केवलराम, संदीप कुमार, चंद किरण, रजनीश, विपिन, कन्हैयालाल,मनोज कुमार, अरुण कुमार,गोपाल,आदि सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।



**लखनऊ-मुजफ्फरनगर से सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ संजीव बालियान ने आज लखनऊ में उप- मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़क परियोजनाओं को लेकर चर्चा बातचीत।।**



**प्रदूषण विभाग का प्रदूषण फैलाने वालों पर चला हंटर! मैसर्स ए के स्टील संगम विहार जानसठ रोड मुजफ्फरनगर को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन के साथ सील किया गया!!**

# भाकियू तोमर ने भ्रष्टाचार व किसानों के उत्पीड़न के विरोध में पुरकाजी थाना घेरा



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन द्धतोमरऋ के सेकड़ो कार्यकर्ताओं ने पुरकाजी थाना घेरा ओर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए वही भाकियू तोमर के जिला अध यक्ष अखिलेश चोधरी ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली बहुत खराब हो चुकी है जिसके चलते किसानों में भारी रोष है ओर वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध उगाही की जा रही है ओर क्रश्वस केस किये जा रहे है ओर किसान व आमजन से पुलिस का व्यवहार ठीक नही है प्रदेश प्रभारी मनीष गुज्जर व नगर अध्यक्ष शमशाद अहमद ने कहा कस्बे में सट्टा बाजी व नशे का काम जोरों शोरों से चल रहा है पुलिस थाने में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है।। थाना अध्यक्ष एच एन सिंह ने भारतीय किसान यूनियन तोमर के पदाधिकारी को समझा-बुझाकर शांत किया गया और भारतीय किसान यूनियन तोमर ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया।। इस मोके पर जिला अध्यक्ष अखिलेश चोधरी उवा प्रदेश प्रभारी मनीष गुज्जर युवा नगर अध्यक्ष शमशाद अहमद ब्लश्वक अध्यक्ष अजय त्यागी जावेद बाबर अफसर अली दिलशाद राणा निखिल चौधरी अखलाक प्रधान आकिब रजा सुंदर बबलू पंकज विशाल हरविंदर सोनू खान मोनू धीमान कय्यूम भूरा मोनिस समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।।

# खालापार उपकेंद्र पर सास बेटा बहु सम्मेलन का आयोजन


**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**



**मुजफ्फरनगर।** गुरुवार को खालापार उपकेंद्र पर सास बेटा बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया। इनमें आशाओं, एएनएम ने परिवार नियोजन के साधनों का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर एक वर्ष के दौरान चिह्नित नवविवाहित दंपति को परिवार नियोजन साधन के बारे में जागरुक करते हुए शपथ ग्रहण कराई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में आयोजित हो रहे सास,बेटा-बहू सम्मेलन का उद्देश्य सास-बहू और बेटे के मध्य समन्वय और संवाद को उनके पारस्परिक अनुभवों के आधार पर बेहतर बनाना है जिससे वह प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति अपनी अवधारणाओं, व्यवहार व विश्वास में बदलाव ला सकें। परिवार नियोजन की नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या ने बताया कि दंपतियों को सास, बेटा-बहू सम्मेलन के जरिए छोटे परिवार के फायदे बताए गए। सम्मेलन में बेटा से आशय सास के बेटे अर्थात प्रतिभाग करने वाली बहू के पति से है। पहले जनपद में सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया जाता था। अब इस सम्मेलन में बेटे को शामिल करने का यह उद्देश्य है कि परिवार के सभी निर्णयों में पुरुषों की सहमति सर्वोच्च होती है। परिवार में पुरुषों का निर्णय ही अंतिम निर्णय होता है। इसलिए उन्हें परिवार नियोजन के बारे में जागरूक किया जाये ताकि इस सम्बन्ध में वह सही निर्णय ले सकें। इसी क्रम में आज दंपतियों को छोटे परिवार के फायदे समझाते हुए शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार, पेमली प्लानिंग नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या, डीपीसी रुचि श्रीवास्तव, डीपीए अमान, डॉ. देवेंद्र, फर्मासिस्ट सूर्या प्रकाश, एनएम अनिता सैनी, रविना, आगंनबाड़ी अलका, पिंकी, ममता, दीपमाला, रानी, इंदु, आईशा, शगुफ्ता आदि लोग मौजूद रहे। सम्मेलन में इन लोगों ने लिया भाग विगत एक वर्ष के दौरान विवाहित दंपती विगत एक वर्ष के अंदर उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला ऐसे दंपती जिन्होंने परिवार नियोजन का कोई भी साधन नहीं अपनाया ऐसे दंपति जिनके तीन से अधिक बच्चे हैं। आदर्श दंपति, ऐसे दंपति जिनके विवाह से दो वर्ष बाद पहला बच्चा हुआ हो। पहले बच्चे से दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतराल हो। ऐसे दंपति जिन्होंने दो बच्चों के बाद स्थायी साधन अपनाया हो।

# दस दिवसीय कृषक मेले में समस्याओ का किया गया निस्तारण

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह एवं जिला गन्ना अधिकारी, डश्व आर डी द्विवेदी, के निर्देशानुसार द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति मोरना में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जे0पी0 दिवाकार द्वारा 10 दिवसीय षक मेले में किसानों की समस्याओं




के निस्तारण किया जा रहा है उसमें गन्ना षकों के गन्ने का सर्वे सम्बंधित निस्तारण ,नाम पिता का नाम ,बैंक अकाउंट , मोबाइल नंबर आदि काउंटर लगाकर मेले में सभी डाटा का प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें समिति क्षेत्र के षक अपना आंकड़ा आकर देख रहे हैं और संतुष्ट हो रहे हैं जिनकी समस्या है वह समस्या लिपिब) की जा रही है । तथा उसका निस्तारण कराया जा रहा है साथ ही साथ षक का घोषणा पत्र अश्वनलाइन समिति में भरवाया जा रहा है। प्रदर्शन में परिषद के समस्त गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षक भी सहयोग कर काउंटर संचालित कर रहे हैं ।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।